web-site: www.saket.education
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी' 9838107210 9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

महाविद्यालय कोड : 04078

दिनांक : 12/01/2021

## आख्या

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय सेवायोजना के अन्तर्गत दिव्य सेवा मिशन प्रतापगढ़ के सौजन्य से राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 आर0के0 सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती श्रद्धा सिंह और डॉ0 नामिता पाण्डेय ने सहभाग किया। डॉ0 आर0के0 सिंह ने स्वामी जी के विचारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके जीवन दर्शन के सार को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमारा प्रतिद्वंदी नहीं है और हमसे कोई भी अपेक्षा नहीं करता। जीव मात्र में ईश्वर के दर्शन करना और उसकी सेवा करना ही असली पूजा है। श्रीमती श्रद्धा सिंह ने कहा कि दिव्य सेवा मिशन स्वामी जी के सपनों को साकार करने का हर सम्भव प्रयास कर रहा है और असहाय और निर्बल वर्ग के सहायतार्थ सदैव खड़ा रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने डॉ0 नमिता पाण्डेय से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने के लिए सम्मानित किया और ऐसे बच्चों को पुस्तकीय सहायता देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रस्तुत भाषण प्रतियोगिता में कु0 श्रेया जायसवाल, सुचेता सिंह स्वामी जी के जीवन परिचय के बारे में चर्चा की। सौम्भ्या श्रीवास्तव, पूजा शर्मा ने स्वामी जी शिकागो वकतत्व के बारे में बताया और जान्हवी, दीक्षा, महिमा पाण्डेय एवं शाहीन बानों ने स्वामी जी के गुरू शिष्य अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 अंजली मिश्रा, रितु त्रिपाठी, अंजली उमरवैश्य द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साँई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु0 नाजरीन बानों एवं महिमा शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों ईकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी उपस्थित रहे।

**(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)**
प्राचार्या


राष्ट्रीय युवा दिवस
साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई द्वितीय
साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज
दहिलामऊ,प्रतापगढ़(उ.प्र.)


राष्ट्रीय युवा दिवस
साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई द्वितीय
साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज
दहिलामऊ,प्रतापगढ़(उ.प्र.)

# साकेत डिग्री कालेज में हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते डा० आरके सिंह

प्रतापगढ़। स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवायोजना के अन्तर्गत दिव्य सेवा मिशन प्रतापगढ़ के सौजन्य से राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० आर०के० सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती श्रद्धा सिंह और डॉ० नमिता पाण्डेय ने सहभाग किया।

डॉ० आर०के० सिंह ने स्वामी जी के विचारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके जीवन दर्शन के सार को प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्रद्धा सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कु० अंजली मिश्रा, रितु त्रिपाठी, अंजली उमरवैश्य द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, सॉई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु० नाजरीन खानों एवं महिमा शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० नीलिमा श्रीवास्तव, डा० अरविन्द श्रीवास्तव ने किया।

# याद किए गए स्वामी विवेकानंद

प्रतापगढ़। स्वामी विवेकानंद की जयंती शिक्षण संस्थाओं में परंपरागत ढंग से मनाई गई। स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षक व बच्चों ने नमन किया। मंगलवार को प्रभात एकेडमी में प्रधानाचार्य डॉ. प्रभात शर्मा, संस्कार ग्लोबल स्कूल में प्रधानाचार्य स्मृति सिंह, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अनिल तिवारी, संगम इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य संजय शर्मा के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज रानीगंज में प्रधानाचार्य डॉ. रामकुमार पाण्डेय, वीएस मेमोरिएल पब्लिक स्कूल में निदेशक अलका सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में अध्यक्ष रोशन लाल उमरवैश्य, प्रधानाचर्य दिग्विजय नाथ पांडेय, सरस्वती शिशु मंदिर अजीतनगर में प्रबंधक संजीव आहूजा, अध्यक्ष रतन चंद्र जैन की मौजूदगी में जयंती मनाई गई। स्वामी करपात्री राजकीय पीजी कालेज रानीगंज में जयंती पर संगोष्ठी हुई। प्राचार्य शुभा सिंह ने युवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में एनएसएस की तरफ से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरके सिंह, विशिष्ट अतिथि श्रद्धा सिंह, डॉ. नमिता पांडेय, प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

web-site: www.saket.education
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी' 9838107210 9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

महाविद्यालय कोड : 04078

दिनांक : 09/02/2021

## आख्या

साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के 07 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ करते हुए **फार हर फाउन्डेशन** सागर मध्यप्रदेश के संस्थापक श्री अनुपम तिवारी जी ने छात्राओ को जीवन जीने की कला से अवगत कराया। उन्होने कहा कि युवक में उत्साह, विवेक और कर्मठता का समन्वय होना चाहिए और उत्साह कर्मठता के साथ विवेक पूर्ण ढ़ग से कोई भी कार्य किया जाये वह निश्चित ही सफलता प्रदान करने वाला होगा। श्री तिवारी ने बताया कि हम सेवा कर रहे है का भाव अगर रखते है तो यह हमारा अहंकार होगा। हमें सेवा का अवसर मिला है और इस अवसर का हम उपयोग कर रहे है, यह समपर्ण होगा। जीवन के हर सुख–दु:ख को सुखद तरीके से उस का आनन्द लेना चाहिए, न कि उसके नकरात्मक पहलुओं को सोचकर अपने जीवन में नकारात्मकता को बढ़ाना चाहिए। जीवन संघर्ष नही बल्कि आनन्द है और इसके प्रत्येक क्षण का हमें आनन्द लेना चाहिए। श्री तिवारी ने बताया कि उन्होने 2001 में राष्ट्रीय सेवा योजना के पहला शिविर में अपने छात्र जीवन में प्रतिभाग किया था और तब से लेकर आज तक अनवरत् शिवरों में भाग लेते रहे है। अपने अध्ययन के उपरान्त वे आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्रीरविशंकर जी के प्रिय शिष्यों में रहे और एक दिन दैनिक भास्कर के एक लेख से प्रेरित होकर वे महिलाओं के स्वास्थ और स्वच्छता पर कार्य करने लगे और **फार हर फाउन्डेशन** की स्थापना की और 5 लाख से अधिक महिलाओं एवं 3800 गाँवों को अब तक अपने कार्यक्रम से आच्छादित कर चुके है। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक श्री आकाश विक्रम सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 आकृति सिंह, रितु त्रिपाठी, महिमा शुक्ला द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साँई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु0 नाजरीन बानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने एवं आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव जी ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों ईकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा उपस्थित रहे।

**(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)**

प्राचार्या


साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज
विशेष शिविर



# छात्राओ को दी जीवन जीने की कला की सीख

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ




प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। साकेत गर्ल्स पी.जी. कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ करते हुए पार हर फाउन्डेशन सागर मध्य प्रदेश के संस्थापक अनुपम तिवारी ने छात्राओं का जीवन जीने की कला से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवक में उत्साह, विवेक और कर्मठता का समन्वय होना चाहिए और उत्साह कर्मठता के साथ विवेक पूर्ण ढंग से कोई भी कार्य किया जाये वह निश्चित ही सफलता प्रदान करने वाला होगा। श्री तिवारी ने बताया कि हम सेवा कर रहे है का भाव अगर रखते है तो यह हमारा अहंकार होगा। हमे सेवा का अवसर मिला है और इस अवसर का हम उपयोग कर रहे है, यह समर्पण होगा। जीवन के हर सुख दुख को सुखद तरीके से उस का आनन्द लेना चाहिए, न कि उसके नकारात्मक पहलुओ को सोचकर अपने जीवन मे नकारात्मकता को बढ़ाना चाहिए। जीवन संघर्ष नहीं बल्कि आनन्द है और इसके प्रत्येक क्षण का हमे आनन्द लेना चाहिए। श्री तिवारी ने बताया कि उन्होने 2001 में राष्ट्रीय सेवा योजना के पहला शिविर मे अपने छात्र जीवन में प्रतिभाग किया था और तब से लेकर आज तक असंख्य शिविरो में भाग लेते रहे है। अपने अध्ययन के उपरान्त वे आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री रविशंकर के शिष्य शिष्यो मे रहे और एक दिन दैनिक भास्कर के एक लेख से प्रेरित होकर वे महिलाओ के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर कार्य करने लगे और पार हर फाउन्डेशन की स्थापना की। 5 लाख से अधिक महिलाओं एवं 3800 गांवो को अब तक अपने कार्यक्रम से आच्छादित कर चुके है। आर्ट ऑफलिविंग के प्रशिक्षक आकाश विक्रम सिंह भी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कु. आकृति सिंह, रितु त्रिपाठी, महिमा शुक्ला द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, साई वंदना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। संचालन कु. नाजरीन बानो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुको का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं आगन्तुको के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनो इकाईयो के कार्यक्रमाधिकारी डा. अनीता पाण्डेय, अनन्त प्रकाश शुक्ल एवं डा. प्रतिभा मिश्रा उपस्थित रहे।

---

**एनएसएस शिविर**

# जीवन संघर्ष नहीं, आनंद है : अनुपम

प्रतापगढ़। जीवन संघर्ष नहीं बल्कि आनंद है। इसके प्रत्येक क्षण का हम सभी को आनंद लेना चाहिए। यह बातें पॉर हर फाउंडेशन मध्य प्रदेश के संस्थापक अनुपम तिवारी ने साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा कि युवाओं में उत्साह, विवेक और कर्मठता का समन्वय होना चाहिए। उत्साह और कर्मठता से कोई भी काम आसानी से किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत आकृति सिंह, रितु त्रिपाठी और महिमा शुक्ला ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से की। संचालन नाजरीन बानो ने किया। कार्यक्रम अधिकारी अनंत प्रकाश शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान डा. अनीता पाण्डेय व डा. प्रतिभा मिश्रा ने शिविर की उपयोगिता और इससे मिली जानकारी से सीख लेने की बात कही।

web-site: www.saket.education
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

महाविद्यालय कोड : 04078

दिनांक : 24/02/2021

## आख्या

साकेत गर्ल्स के प्रेक्षागृह में छात्राओं को मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतापगढ़ के निर्देशन में तनावमुक्त जीवन शैली और आत्महत्या नियंत्रण विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ0 अजय कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति में एक अलग व्यक्तित्व छिपा होता है, और केवल उसी के प्रस्फुटित होने पर ही समुचित विकास और लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को निर्धारित करें, और लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के मूल मंत्र कि ''उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो'' का उद्‌बोध किया। डॉ0 मिश्रा ने बताया कि परीक्षा में प्राप्त अंक कभी भी आपके व्यक्तित्व का मूल्यांकन नहीं कर सकते; इसलिए परीक्षा पूर्ण मनोयोग से दें लेकिन उसके परिणाम से अपने जीवन को प्रभावित न होने दे। परीक्षा देने तक पूरी ताकत से अपनी पूरी शक्तियों का उपयोग करें लेकिन जैसे ही परीक्षा समाप्त हो उसे भूलकर जीवन को प्रसन्नता पूर्वक जीने का प्रयास करे। खुशियाँ प्राप्त करने के लिए बड़ी चीजों का मिलना आवश्यक नहीं है, चिड़ियों की चहचाहट फूलों की मुस्कुराहट भी आपको बड़ी खुशियाँ दे सकती हैं। अपने जीवन के मूल्य को समझे और छोटी–छोटी खुशियों से अपने और अपने परिवार को खुशियाँ प्रदान करें। आयें हम ऐसे जीवन को प्राप्त करने के लिए हम एक कदम और आगे बढ़ाते हैं। डॉ0 मिश्रा द्वारा इस अवसर पर प्रत्येक छात्रा की व्यक्तिगत रूप से काउंसलिंग भी की गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साँई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन कु0 आरफा अंजुम ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा एवं श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे।

**(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)**

प्राचार्या


विशेष शिविर



# लक्ष्य को निर्धारित करे और आगे बढ़े: डा. अजय मिश्रा

## तनाव मुक्त जीवन शैली और आत्महत्या नियंत्रण विषयक कार्यशाला




प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। साकेत गर्ल्स के प्रांगण में छात्राओं की मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में तनावमुक्त जीवन शैली और आत्महत्या नियंत्रण विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डा. अजय मिश्रा मनोचिकित्सक ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति में एक अलग व्यक्तित्व छिपा होता है, और केवल उसी के प्रस्फुटित होने पर ही समुचित विकास और लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को निर्धारित करें, और लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के मूलमंत्र की उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो का उद्घोष किया। डा. मिश्रा ने बताया कि परीक्षा में प्राप्त अंक कभी भी आपके व्यक्तित्व का मूल्यांकन नहीं कर सकते हैं। इसलिए परीक्षा पूर्ण मनोयोग से दें लेकिन उसके परिणाम से अपने जीवन को प्रभावित न होने दें। डा. मिश्रा द्वारा इस अवसर पर प्रत्येक छात्रा की व्यक्तिगत रूप से काउंसलिंग भी की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, साई वंदना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव एवं संचालन कु. आरफा अंजुम ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डा. अनीता पांडेय, डा. प्रतिभा मिश्रा एवं अनन्त प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे।

# लक्ष्य निर्धारित कर बढ़ें आगे

प्रतापगढ़। शहर के साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में बुधवार को जीवनशैली व आत्महत्या नियंत्रण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस मौके पर मनोचिकित्सक डा अजय मिश्र ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति में एक अलग व्यक्तित्व छिपा होता है। उसके निखरने पर समुचित विकास और लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को निर्धारित करें उसे प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें। डा अजय मिश्रा ने छात्राओं की काउंसलिंग की। इस अवसर पर आरफा अंजुम, डा. अनीता पांडेय, डा. प्रतिभा मिश्रा, अनंत प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे। संवाद

web-site: www.saket.education
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी' 9838107210 9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

महाविद्यालय कोड : 04078

दिनांक : 08/03/2021

## आख्या

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज दहिलामऊ, प्रतापगढ़ में समाज के विभिन्न वर्गो से उन 21 प्रबुद्ध एवं प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में अपने कार्य एवं आचरण से एक प्रतिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा पूर्व सांसद सुश्री राजकुमारी रत्ना सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा, श्रीमती प्रेमलता सिंह एवं श्रीमती सिंधुजा मिश्रा, समाजसेविका को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर साकेत परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह जी ने श्रीमती श्रद्धा सिंह, श्रीमती अरूणा केसरवानी, श्रीमती शारदा श्रीकृष्ण, सुश्री अंजली अवस्थी को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। श्रीमती सिंधुजा मिश्रा ने श्रीमती केतकी सिंह, डॉ0 नमिता पाण्डेय, सुश्री शिवानी मातनहेलिया, डॉ0 शाहिदा सिद्दीकी को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया एवं श्रीमती प्रेमलता सिंह जी ने श्रीमती कुसुम शुक्ला, डॉ0 रचना सक्सेना, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, श्रीमती विभा पाण्डेय, श्रीमती मीना श्रीवास्तव को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने वर्ष 2021 की उन विशिष्ट 21 महिलाओं को समर्पित करते हुए कहा कि यह हमारे समाज की वे स्तम्भ है जिन पर हमारे नवीन भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा स्त्री और पुरूष में कोई द्वन्द्व नहीं है, शिव की कल्पना तो अर्द्धनारीश्वर में और शायद वही सृष्टि का स्वरूप भी है। राजकुमारी रत्ना सिंह जी ने कहा कि परिवार नर और नारी के समन्वय का स्वरूप है, इसमें कोई द्वन्द्व नहीं है, बल्कि एक दूसरे के प्रति समर्पण का नाम ही परिवार है। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती प्रेमलता सिंह जी ने आज के दिन समस्त नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि नारी शक्ति कभी भी खतरे में नहीं रही है और न उसे कोई भ्रम है, बल्कि यह एक पर्व है और आज महिला दिवस के इस अवसर पर इस पर्व में हम सब एक दूसरे में खुशियाँ बाँटकर जीवन की अनुभूति महसूस करेगें। श्रीमती सिंधुजा मिश्रा जी ने आज के इस कार्यक्रम के लिए साकेत परिवार को साधुवाद दिया और समाज को नारी के लक्ष्मी, सरस्वती, काली एवं दुर्गा की शक्ति को पहचानने के लिए आग्रह किया और उन्होंने कहा कि जब भी भूमि पर राक्षसी प्रवृत्तियों का अभ्युदय हुआ उसका विनाश केवल देवियों ने ही किया है। हम सब महिला दिवस के इस अवसर पर आयें नये भारत के निर्माण का संकल्प लें जिसमें परस्पर ममता, करूणा, दया, क्षमा और समर्पण का भाव निहित हो।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की छात्रा कौशिकी शर्मा, पारूल मिश्रा, रितु तिवारी, आकृति सिंह, महिमा गौतम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साँई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार श्रीमती रेनू त्रिपाठी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन कु0 आरफा अंजुम ने किया।

(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)

प्राचार्या

Contact us : (05342) 223769, 220254, 221002, 221003, 221004, 221005, 221006, 221012, 221014, 221016, 221031


WORLD OF WOMEN EDUCATION
अमेठी रोड चौरा, प्रतापगढ़
21 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान समारोह



# अधिकारों के लिए आगे आएं महिलाएं

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम, मातृशक्ति का हुआ सम्मान

**प्रतापगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह मातृशक्ति का सम्मान किया गया। शहर में हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम डॉ. नितिन बंसल ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या समाज के लिए अभिशाप है। इससे लड़ने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि बेटियों के बगैर परिवार अधूरा है। बेटियां दो परिवारों का भाग्य जगाती हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा और समाज को जागरूक करके ही इस कलंक को दूर किया जा सकता है।

हादीहाल विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। डीएम ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व स्वावलंबन के लिए सबको मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. नीता साहू ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानें। उन्होंने मां-बेटी पर आधारित कहानी सुनाकर महिलाओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि बेटा-बेटी एक समान होते हैं। परिवार के सदस्य दोनों को बराबर अधिकार दें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं, किसी भी विकसित समाज का पैमाना बेटियां ही हैं। हादीहाल में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस दौरान श्रमिकों की 15 बेटियों को साइकिल दी गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरामुलाब सिंह की छात्राओं ने एकांकी नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर सीडीओ, डीडीओ, सीएमओ, डॉ. पीपी पांडेय, जया यादव, सुनीता सरकार, प्रीति कटियार, रीना प्रसाद, डा. एमपी शर्मा, आशुतोष त्रिपाठी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



साकेत गर्ल्स कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जुटी भीड़।

### सराहनीय कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित

डीएम ने डॉ. रीना प्रसाद सीएमएस महिला अस्पताल, डॉ. पारुल सक्सेना, महिला चिकित्सक, डॉ. प्रमिला देवी चिकित्सक, रश्मि मिश्रा अध्यापिका, कुसुम मौर्या, कविता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ममता सिंह, उर्फ मौर्या रोजगार, दीपाली श्रीवास्तव, सारिका पटेल, अंजना श्रीवास्तव, कांती मौर्या, शोभा देवी, रश्मि सिंह, डॉ. सरोज सिंह, वत्सला सिंह, सविता सिंह, रेखा यादव, बिंदुमती, पुष्पा देवी, सन्नो, उषा यादव को बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया।




साकेत गर्ल्स कालेज में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित शिक्षिकाएं व समाजसेवा में योगदान देने वाली महिलाएं।

## 21 महिलाओं को मिला सम्मान

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज दहिलामऊ में महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. नीलिमा श्रीवास्तव ने पूर्व सांसद रत्ना सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह एवं सिंधुजा मिश्र को अंगवस्त्रम् भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा समाज में सराहनीय कार्य करने वाली श्रद्धा सिंह, अरुणा केसरवानी, शारदा, अंजली, शिवानी मातनहेलिया, शाहिदा सिद्दीकी को भी अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर कौशिकी शर्मा, फारूल मिश्र, रितु तिवारी, महिमा गौतम, वंदना आदि मौजूद रहीं। संवाद

## 93 महिला सफाईकर्मी हुईं सम्मानित

**प्रतापगढ़।** महिला दिवस पर सोमवार को हादी हाल में आयोजित कार्यक्रम में 93 महिला सफाई कर्मचारियों को चेयरमैन प्रेमलता सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना काल में महिला सफाईकर्मियों ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम में 93 महिला सफाई कर्मचारी, चार महिला सभासद और 10 स्वयंसेवी संगठन की 10 महिला पदाधिकारियों को शील्ड व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सभी को करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन यो मुदित सिंह ने किया। इस अवसर पर अनिल शुक्ला, लाल बहादुर, वीरेंद्र सिंह समेत अन्य नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

9838107210
9838503397

# साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 05/06/2021

## आख्या

साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की 21 स्वयं सेविकाओं (राजर्षि दिव्यांशी, सौम्या श्रीवास्तव, सृष्टि सिंह, आयुषी सिंह, निशी श्रीवास्तव, बुशरा खान, नेहा सिंह, महिमा शुक्ला, प्रतिमा, अंशिता श्रीवास्तव, पूजा शर्मा, विभा चौरसिया, तनु सिंह, विकल पाण्डेय, नैन्सी श्रीवास्तव, नीतू, ऋतु, खुशी सिंह, आकृति सिंह, आशा शर्मा, आस्था) को पीपल के पौधे प्रदान करते हुए यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने बाग में इन पौधो को रोपित और संवर्धित करेगें। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ0(श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव ने पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि पीपल और तुलसी ऐसे पौधे है जो 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते है इसलिए इनको हम जगह–जगह रोपित कर विश्व को ऑक्सीजन की कमी से मुक्ति दिला सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा ने छात्राओं को पीपल के पौधे प्रादन किये और सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के द्वारा किये गये आहवाहन के फलस्वरूप नगर से सटे हुए गाँव में 173 पीपल के पौधे छात्राओं द्वारा रोपित कर उसके वीडियो और फोटो अपने ग्रुप में भेजे गये जिन्हे संकलित कर राष्ट्रीय सेवक संघ के बौद्धित प्रमुख श्री हेमन्त मिश्रा जी को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा गूगल मीट प्लेटफार्म पर वृक्ष और जीवन विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो0 जी0के0 सक्सेना ने प्रतिभाग किया और उन्होने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यदि धरा पर जीवन को संरक्षित करना है तो हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरित धरती तैयार करना पड़ेगा। उन्होने बताया कि पीपल, तुलसी, बरगद, पाकर ऐसे वृक्ष है जो हमें न केवल 24 घंटे ऑक्सीजन देते है बल्कि औषधि निर्माण मे भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक श्री श्रृषभ जी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ''**एक व्यक्ति एक पीपल**'' के नारे को मूर्त रूप देकर हम इस पृथ्वी पर किसी को भी ऑक्सीजन की कमी नही होने देगे। उन्होने कहा कि शहरी क्षेत्र के घरों के गमलों में, बाग में तुलसी के पौधे रोपित कर कम से कम सम्बन्धित परिवार अपने लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था कर लेगा।

कार्यक्रम का संयोजन श्री हर्षित श्रीवास्तव मैनेजिंग ट्रस्टी साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों ईकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव, प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव, श्री अमित शर्मा, श्री हेमन्त वर्मा, श्री फिरोज जमील, श्री अजय यादव, श्री अच्युत शुक्ला, श्री अरविन्द यादव, श्री रघुपति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

(डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव)

प्राचार्या




राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई द्वितीय
गर्ल्स पी.जी.कालेज
दहिलामऊ, प्रतापगढ़

# बेल्हा में जगह-जगह रोपे गए पौधे, लोगों ने पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

## पर्यावरण दिवस पर शहर से लेकर गांव तक आयोजित हुए कार्यक्रम, की गई साफ-सफाई










# पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

9838107210
9838503397

# साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज

**गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़**

## आख्या

दिनांक : 12/06/2021

साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए #Green Saket मुहीम के अन्तर्गत हरा-भरा स्वस्थ प्रतापगढ़ बनाने के लिए छात्राओं से आग्रह किया गया कि वातावरण को पॉलीथिन से मुक्त करने के लिए इकोब्रिक्स बनाये जिसके के लिए उन्हे ऑनलाईन प्रशिक्षित किया गया और छात्राओं द्वारा लगभग 1000 इकोब्रिक्स तैयार किये गये, यदि मान लिया जाये कि एक लीटर पानी की बोतल में 50-60 पॉलीथिन भी बन्द हुई तो लगभग 50-60 हजार पॉलीथिन वातावरण में फैलने से रोक लिया गया और जिन छात्राओं के परिवारों के लिए यह कार्यक्रम उनके जीवन शैली का हिस्सा बन गया तो वे स्वच्छ प्रतापगढ़ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगे। इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर छात्राओं से अपील की गई कि जिनके घर के आस-पास स्थान उपलब्ध हो वे वहाँ पर पीपल अथवा नीम की एक पौध रोपित करे और उसका वीडियो/फोटो महाविद्यालय को उपलब्ध करायें। हमारी छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर लगभग 180 पौध रोपित किए। पौध रोपित कर हरा-भरा स्वस्थ प्रतापगढ़ के निर्माण की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। छात्राओं उनके अभिभावकों, परिवारीजन और शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के इस अनुकरणीय कार्य को रेखांकित करने के लिए सभी पर्यावरण रक्षकों को Google Meet प्लेटफार्म पर डिजिटली सम्मानित किया गया और उन्हे सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संचालक श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जो बीड़ा उठाया है हम सब उसके साथ है, उन्होने पीपल के वृक्ष के महत्व को विस्तार से समझाया और पीपल, बरगद, नीम, पाकर जैसे वृक्षों को प्राकृतिक भोजन श्रृंखला को बनाये रखने एवं पक्षियों के संरक्षण के लिए बहुत आवश्यक बताया। इस अवसर पर श्री ऋषभ जी प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रतापगढ़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और एक व्यक्ति एक पीपल का आह्वाहन किया। शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री सूर्यकान्त मिश्र 'निराला' ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पुर्नजागरण ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रेमचन्द्र जी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुए बताया कि पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए आवश्यक है कि हम प्रकृति की ओर चले और विकास के मार्ग पर चलते हुए प्रकृति को भूल न जायें, आज मानव जीवन खतरे में है और प्रकृति संरक्षित न की गई तो जीवन को संरक्षित कर पाना कठिन होगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री अनवर खान जी को डिजीटली सम्मान पत्र देकर इस मुहिम में उनके प्रमुख योगदान को स्वीकार किया गया। श्री अनवर खान ने अगरतला (त्रिपुरा) से सम्मान पत्र स्वीकार किया और उन्होने कहा कि साकेत परिवार ने प्रतापगढ़ नगर के लिए जो बीड़ा उठाया है वह निश्चित ही सराहनीय और अनुकरणीय है। हम चाहे गमले में ही लगाये लेकिन पीपल और नीम के पौधे अपने घरों में ज़रूर रखे, यह हमारे परिवारी जनों के स्वास्थ के लिए बहुत ही अनुकूल होगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा एवं श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके योगदान को स्वीकार किया गया। बी0एड्0 विभाग के सहयोग के लिए बी0एड्0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा ने बी0एड्0 विभाग की ओर से सम्मान पत्र ग्रहण किया। सम्पूर्ण साकेत परिवार को पर्यावरण संरक्षण के कार्य में संलग्न कराने के लिए और उत्साहजनक परिणाम लाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उन्होने इस पूरे कार्यक्रम में सहयोग देने वाले बच्चों, शिक्षकों और उनके परिवारीजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह कार्यक्रम रूकना नही चाहिए बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन जाना चाहिए तभी हमारा प्रतापगढ़ हरा-भरा और स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम के संचालक इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री हर्षित श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और यह आशा व्यक्त की कि हमारा प्रतापगढ़ पर्यावरण संरक्षण में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि हिन्दुस्तान के लिए मील का पत्थर बनेगा।

(डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव)

प्राचार्या

Contact us : (05342) 223769. 220254. 221002. 221003. 221004. 221005.


पर्यावरण रक्षक सम्मान समारोह
दिनांक
12-06-21


पर्यावरण रक्षक सम्मान समारोह
दिनांक
12-06-21

लोकमित्र

प्रतापगढ़ समाचार

# पर्यावरण संरक्षण से ही पृथ्वी पर बचेगा जीवन: प्रेमचन्द्र

## साकेत ग्रुप आफकालेजेज ने पर्यावरण रक्षको को डिजिटली किया सम्मानित



प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन साकेत मुहीम के अंतर्गत हरा भरा स्वस्थ प्रतापगढ़ बनाने के लिए छात्राओं से आग्रह किया कि वातावरण को पालीथिन से मुक्त करने के लिए इकोब्रिक्स बनाएं। जिसके लिए उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षित किया गया और छात्राओं द्वारा लगभग 1000 इकोब्रिक्स तैयार किये गये। यदि मान लिया जाये कि एक लीटर पानी की बोतल में 50-60 पालीथिन भी भरी हुई तो लगभग 50-60 हजार पालीथिन वातावरण में फैलने से रोक लिया गया और जिन छात्राओं के परिवारों के बीच यह कार्यक्रम उनके जीवन शैली का हिस्सा बन गया है वे स्वच्छ प्रतापगढ़ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होंगे। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर छात्राओं से अपील की गई कि पीपल अथवा नीम का एक पौध रोपित करें उसकी फोटो महाविद्यालय को उपलब्ध करायें।

छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर लगभग 150 पौध रोपित किए। सभी पर्यावरण रक्षकों को मुख्य मंच पर डिजिटली सम्मानित

गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संचालक रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जो बीड़ा उठाया है हम सब उसके साथ हैं इस अवसर पर प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और एक व्यक्ति एक पीपल का

संघ के अध्यक्ष सूर्यकान्त मिश्र निराला ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पुनर्जागरण ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमचन्द ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुए बताया कि पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए आवश्यक है कि हम प्रकृति की ओर चलें और विकास के मार्ग पर चलते हुए प्रकृति

रहने में है और प्रकृति संरक्षित न की गई तो जीवन को संरक्षित कर पाना कठिन होगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी अनवर खान को डिजिटली सम्मान पत्र देकर इस मुहिम में उनके प्रमुख योगदान को स्वीकार किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डा. अनीता पाण्डेय, डा. प्रतिभा मिश्रा एवं

देकर सम्मानित किया गया और उनके योगदान को स्वीकार किया गया। बी.एड. विभाग के सहयोग के लिए बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अवधेश कुमार शर्मा ने बीएड विभाग की ओर से सम्मान पत्र ग्रहण किया। सम्पूर्ण साकेत परिवार को पर्यावरण संरक्षण के कार्य में संलग्न करने के लिए और उत्साहजनक परिणाम लाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

उन्होंने इस पूरे कार्यक्रम में सहयोग देने वाले बच्चों, शिक्षकों और उनके परिवारीजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह कार्यक्रम रुकना नहीं चाहिए बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन जाना चाहिए तभी हमारा प्रतापगढ़ हरा भरा और स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम के संचालन इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के मैनेजिंग ट्रस्टी हर्षित श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और यह आशा व्यक्त की कि हमारा प्रतापगढ़ पर्यावरण संरक्षण में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि हिन्दुस्तान के लिए मील का पत्थर

# हराभरा स्वस्थ प्रतापगढ़ बनाने का किया आह्वान



साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्रबंधक • जागरण

संसू, प्रतापगढ़ : साकेत ग्रुप आफ कालेज द्वारा शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं से हराभरा स्वस्थ प्रतापगढ़ बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि साकेत ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण का जो बीड़ा उठाया है हम सब उसके साथ हैं। वहां की छात्राओं से वातावरण को पालीथिन मुक्त बनाने के लिए इको ब्रिक्स बनाने का अनुरोध किया गया।

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर छात्राओं से अपील की गई कि वह अपने घर के आसपास खाली पड़ी जमीन पर पीपल या नीम के पौधे रोपित करें और उसकी फोटो खींच कर महाविद्यालय को उपलब्ध कराएं। विभाग संचालक ने पीपल के महत्व को बताया। पुनर्जागरण ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम चंद्र ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में हाकी खिलाड़ी अनवर खान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता पांडेय, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, अनंत प्रकाश शुक्ला, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। संचालन साकेत कालेज के मैनेजिंग ट्रस्टी हर्षित श्रीवास्तव ने किया।